Danik Bhaskar (Indore), 25th July 2026, Page- 05

# आईआईटी इंदौर में 573 नए यूजी विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन, 3 नए यूजी कोर्स भी शुरू हुए

## ले. जनरल बख्शी ने कहा- नई तकनीक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है

भास्कर संवाददाता | इंदौर



आईआईटी इंदौर में शुक्रवार को नए शैक्षणिक सत्र के यूजी छात्रों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस साल संस्थान में तीन नए यूजी कोर्स शुरू किए गए। बीटेक, बीएस और बी डिजाइन कोर्स के कुल 573 छात्रों ने आईआईटी इंदौर में शैक्षणिक सफर शुरू किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (एमसीटीई), महू के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल प्रवीण बख्शी (वीएसएम) थे। अध्यक्षता आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने की। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से आईआईटी इंदौर ने तीन नए यूजी कोर्स भी शुरू किए हैं। प्रो. जोशी ने बताया आईआईटी इंदौर देश में सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले आईआईटी में शामिल है और लगातार बेहतर प्रदर्शन कर राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 12वां स्थान हासिल कर चुका है। उन्होंने पांच दिनी इंडक्शन प्रोग्राम 'जेनेसिस 5.0', मेकर-स्पेस प्रयोगशाला, खेल सुविधाओं आदि की भी जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल बख्शी ने कहा- आज तकनीक केवल विकल्प नहीं, बल्कि परिवर्तन का सशक्त माध्यम है।